संख्याः /VIII/08–सेवा0टी0सी0/2007

प्रेषक,

विजय कुमार ढौंडियाल,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
प्रशिक्षण एवं सेवायोजन,
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी ।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग

देहरादून : दिनांक 7 सितम्बर, 2007

विषयः वित्तीय वर्ष 2007–08 (1–6–2007 से 31–3–2008 तक) हेतु सेवायोजन प्रखण्ड के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष में टी.एस.पी. के अधीन शिक्षण/मार्ग दर्शन केन्द्र की स्थापना हेतु बचतबद्ध मदों में धनराशि अवमुक्त करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है, कि वित्तीय वर्ष–2007–08 हेतु श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अन्तर्गत सेवायोजन प्रखण्ड में टी0एस0पी0 (अनुदान संख्या–31) के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष में बचतबद्ध मदों की संलग्न–विवरणानुसार रूपये 11,85,000/– (रूपये ग्यारह लाख पिच्यासी हजार मात्र) की धनराशि के व्यय किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उक्त धनराशि इस प्रतिबन्ध के साथ एवं शर्तो के अधीन आपके निर्वाचन पर रखी जा रही है, कि उक्त मद में आवंटित सीमा तक ही व्यय सीमित रखा जायें। यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है, कि धनराशि का आवंटन किसी ऐसे व्यय को करने का अधिकार नहीं देता है, जिसे व्यय करने से बजट मैनुअल या वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों या अन्य आदेशों का उल्लंघन होता हो। जहाँ व्यय करने से पूर्व सक्षम अधिकारी की स्वीकृति आवश्यक है, वहाँ ऐसा व्यय सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करके ही किया जायेगा। व्यय में मितव्ययता नितान्त आवश्यक है, मितव्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेशों/अन्य आदेशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जायें। व्यय उसी मदों में किया जायेगा जिसके लिये यह स्वीकृत किया जा रहा है।

3– उक्त व्यय भारित वित्तीय वर्ष 2007–08 हेतु अनुदान संख्या–31 मुख्य लेखाशीर्षक 2230–श्रम तथा रोजगार के अन्तर्गत संलग्नक में उल्लिखित लेखाशीर्षक की सुसंगत बचतबद्ध मदों के नामे डाला जायेगा। यह आवंटन निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के अधीन शिक्षण/मार्ग दर्शन केन्द्र की स्थापना के लिए किया जा रहा है ।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय

(विजय कुमार ढौंडियाल)
अपर सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः (1)/VIII/08–सेवा0टी0सी0/2006, तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2– सम्बन्धित जनपद के कोषाधिकारी ।
3– अपर सचिव, वित्त–बजट।
4– वित्त अनुभाग–5
5– नियोजन विभाग।
6– एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर।
7– गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(लक्ष्मण सिंह)
अनुसचिव।

शासनादेश संख्या:/1 ०8 17/VIII/08-सेवा०टी०सी०/2007, दिनांक: 3 ~~सितम्बर~~ अक्टूबर 2007 का संलग्नक:

आयोजनागत अनुदान संख्या: 31 धनराशि हजार रूपये में

मुख्य लेखाशीर्षक 2230-श्रम तथा रोजगार
02-रोजगार सेवायें
796-जनजातीय क्षेत्र उपयोजना
01-शिक्षण/मार्ग केन्द्र की स्थापना

क्र0सं0	कोड/मद	आंवटित धनराशि
1.	01-वेतन	502
2.	03-महगाई भत्ता	319
3.	05-स्थानान्तरण यात्रा व्यय	20
4.	06-अन्य भत्ते	62
5.	08-विद्युत देय	10
6.	17-किराया उपशुल्क एवं कर स्वामित्व	20
7.	47-महगाई वेतन	252
	योग :	**1185/-**

(रूपये ग्यारह लाख पिच्यासी हजार मात्र)

(लक्ष्मण सिंह)
अनुसचिव।